तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

12 रजत जयंती महोत्सव पर नये घरों की खुशियाँ मनेगी आज



14 मसगांव में अधूरा शौचालय और जंग लगा हैंडपंप





## खबर संक्षेप

### गीत एवं नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश



**जगदलपुर।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बोरपदर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गीत एवं नाटक का कार्यक्रम बस्तर लोक कला मंडली नानगुर के धीरनाथ बघेल के नेतृत्व में 10 कलाकारों द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता एवं राष्ट्रीय एकता का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में बीएस ध्रुव प्राचार्य भुवन दीवान, दामिनी कुरेटी, संतोष गायकवाड, सविता बघेल, मनीषा देवांगन, भारती तिवारी, मधुबाला मिंज, रिमझिम भारद्वाज, अनसूईया साहू, कुसुम लता नाग, स्वामी पटले, डी पटेल, बलराम कश्यप, प्रमोद वाघमारे, शंकर नाग, सरिता पंथ उपस्थित थे ।

### घर-घर सर्वे से मतदाता प्रतिशत 10 से 15 प्रतिशत बढ़ जाएगा

**जगदलपुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान छत्तीसगढ़ में विगत एसआईआर की मतदाता सूची वर्ष 2003 को आधार मानकर मिलान किया गया है उसमें बीएलओ द्वारा वर्तमान में केवल अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं का मिलान किया गया है जो 71 प्रतिशत है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2003 के बाद से आज पर्यंत कई मतदाता अन्यत्र शिफ्ट हुए हैं। मतदान केन्द्रों का परिसीमन भी हुआ है। एन्यूमरेशन फेज में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर सर्वे के दौरान यह मिलान प्रतिशत 10-15 प्रतिशत और बढ़ जाएगा।

### आभार सॉफ्टवेयर में जानकारी अपलोड करें

**जगदलपुर।** आभार सॉफ्टवेयर के माध्यम से पेंशनरों के लिए पेंशनर परिचय पत्र बनाने का प्रावधान है। इसे मद्देनजर रखते हुए वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी जगदलपुर द्वारा समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से पेंशनर परिचय पत्र हेतु जानकारी अपलोड करने के लिये आभार सॉफ्टवेयर (डीडीओ लॉगिन) प्रक्रिया का अनुपालन करने कहा गया है। जिसके तहत आभार सॉफ्टवेयर में अपलोड करें, के ऑप्शन को क्लिक करें। कोषालय हेतु जानकारी अपलोड करें, के ऑप्शन को क्लिक करें। पेंशनर परिचय पत्र हेतु जानकारी अपलोड करें के ऑप्शन को क्लिक करें।

### अधिकारियों-कर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ



**जगदलपुर।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग कार्यालय परिसर में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। इस दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने सहित देश के नागरिकों के बीच उक्त सन्देश देने हेतु भरसक प्रयत्न करने की शपथ ली। साथ ही देश की एकता की भावना के साथ राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगदान देने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीओ एके कुंजाम नेतृत्व में उपयंत्री अजय कुमार गहलोत, कार्यालय के इदरीश, तुलसी मरकाम आदि शामिल रहे।

# मौथा तूफान में भी डटी रहीं बस्तर की बेटियां, हुसैन सागर झील में जीतीं 9 ब्रॉन्ज मेडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

तेज हवाएं, ऊंची उठती लहरें और मौथा तूफान का प्रचंड प्रभाव लेकिन इन सबके बीच बस्तर की बेटियों ने साहस, संतुलन और संकल्प का ऐसा परिचय दिया जिसने पूरे प्रदेश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। हैदराबाद के प्रसिद्ध हुसैन सागर झील में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित फर्स्ट ट्राइबल कैनो स्प्रिंट नेशनल चैंपियनशिप में बस्तर की खिलाड़ियों ने तूफानी मौसम की चुनौती झेलते हुए अपने शानदार प्रदर्शन से 9 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचा। देशभर के विभिन्न राज्यों से आए आदिवासी खिलाड़ियों के बीच हुई इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बस्तर की बेटियों ने अपने जज्बे और अनुशासन से सबका दिल जीत लिया। विपरीत परिस्थितियों में भी नाव को संतुलन में रखकर मंजिल तक पहुंचना जहां मुश्किल था। वहीं बस्तर की खिलाड़ी अपनी अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर सफलता की लहरों पर सवार होती नजर आईं। सीनियर वर्ग में बस्तर की मनवती बघेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सी-2 महिला 500 मीटर, सी-1 महिला 500 मीटर और सी-4 मिक्स स्पधार्ओं में तीन ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इसी वर्ग के पुरुष खिलाड़ी सतदेव बघेल ने के-1पुरुष 500 मीटर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक और ब्रॉन्ज मेडल जीता। जूनियर वर्ग में सागर और अनुज की जोड़ी ने सी 4 पुरुष 500 मीटर में पदक हासिल किया, जबकि सब-जूनियर महिला वर्ग में ईशा और मालती ने के 2 महिला 500 मीटर में शानदार प्रदर्शन से एक और मेडल बस्तर की झोली में डाला। अन्य इवेंट्स में संयुक्त प्रदर्शन से कुल 9 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर बस्तर के जलवीरों ने अपनी पहचान देशभर में दर्ज कराई। ये सभी खिलाड़ी कयाकिंग एवं कैनोइंग उप-प्रशिक्षण केंद्र,बागमुंडा डोंगरीपारा, आसना, जगदलपुर बस्तर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। तूफानी मौसम में भी खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बनाए रखने में कोच अशोक साहू और कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रभारी डी कोटेश्वर राव नायडू की अहम भूमिका रही।





### कठिन परिस्थितियों में साहस दिखाया

अपर कलेक्टर एवं सहायक संचालक,खेल एवं युवा कल्याण विभाग ऋषिकेश तिवारी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा बस्तर की बेटियों ने कठिन परिस्थितियों में भी जो साहस और आत्मविश्वास दिखाया है,वह प्रदेश के हर युवा के लिए प्रेरणास्रोत है। यह उपलब्धि बस्तर की नई पहचान बनेगी।

### आत्मविश्वास और मेहनत की मिसाल

प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भी खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह उपलब्धि बस्तर की बेटियों के आत्मविश्वास और मेहनत की मिसाल है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने जज्बे से यह साबित किया है कि बस्तर की प्रतिभा देशभर में चमकने को तैयार है।

## आयोजन : लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर दौड़े सभी

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फार यूनिटी सैकड़ों युवाओं ने लिया एकता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शहर एकता के रंग में रंग गया। 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित एकता दौड़ ने युवाओं के दिलों में देशभक्ति की जज्बा भर दिया। इस दौरान मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई दौड़ सैकड़ों उत्साही प्रतिभागियों के साथ शहर के प्रमुख चैराहों को पार करती हुई एकता का प्रतीक बनी।

सुबह मंदिर परिसर से निकली एकता दौड़ ने जगदलपुरवासियों को एक नई ऊर्जा से भर दिया। यह दौड़ मां दंतेश्वरी मंदिर से शुरू होकर गुरुनानक चैक, संजय बाजार, चांदनी चैक, मेन रोड और गोल बाजार होते हुए पुनः मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान रास्ते भर भारत माता की जय और एकता में ही शक्ति है नारे गूंजते रहे, जबकि प्रतिभागी तिरंगे के रंगों से सजे बैनरों के साथ दौड़ते नजर आए। यह दौड़ न केवल शारीरिक फिटनेस का प्रतीक थी, बल्कि सरदार पटेल के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन को जीवंत करने का माध्यम भी बनी। कार्यक्रम की खासियत रही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया। एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। इन विजेताओं को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे देश की एकता को मजबूत करने में और अधिक योगदान दें।






### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, महापौर परिषद के सदस्य सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल और ऋषिकेश तिवारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी इस एकता उत्सव में शिरकत की।




### पटेल ने भारत की नींव मजबूत की

आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि सरदार पटेल ने विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में बांधकर भारत की नींव मजबूत की। हमें भी उनकी तरह देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए कटिबद्ध होना होगा। बाहरी और आंतरिक चुनौतियों के बीच एकजुट रहना ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों एवं युवाओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने सहित देश के नागरिकों के बीच उक्त सन्देश देने हेतु भरसक प्रयत्न करने की शपथ ली। साथ ही देश की एकता की भावना के साथ राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगदान देने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प व्यक्त किया।

# चर्च पर प्रशासन का बुलडोजर चलेगा, राजस्व जांच में मिला अवैध निर्माण



**जगदलपुर।** नगरनार क्षेत्र के चोकावाड़ा पंचायत में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से चर्च निर्माण और हरे-भरे पेड़ों की कटाई का मामला उजागर होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले की शिकायत मिलते ही राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और सीमांकन के दौरान निर्माण को नजूल शासकीय भूमि पर पाया गया।

- तहसीलदार ने कहा- दोषियों पर होगी वैधानिक कार्रवाई

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने इस प्रकरण की शिकायत कलेक्टर बस्तर को मांगपत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद तत्काल जांच शुरू की गई,जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि बिना किसी अनुमति के सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य किया गया है। जांच रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी गई। मौके पर पहुंची राजस्व जांच टीम ने भूमि का सीमांकन कर प्रतिवेदन तैयार किया और उसे तहसीलदार ▸▸| शेष पेज 12 पर

### विहिप ने पेड़ काटने पर भी जताई आपत्ति

विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने इस घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि पंचायत की अनुमति के बिना शासकीय भूमि पर न केवल निर्माण किया गया, बल्कि इलाके के हरे-भरे पेड़ों को भी काट दिया गया, जो पर्यावरणीय दृष्टि से गंभीर अपराध है। उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## बस्तर ओलंपिक का गढ़िया में हुआ शुभारंभ

# 8 पंचायत के खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर



**जगदलपुर।** बस्तर ओलंपिक खेल का शुभारंभ आज ग्राम गढ़िया में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । इसमें गढ़िया जोन के अंतर्गत ग्राम गढ़िया सहित तारागांव, मांदर, छिंदबहार, बाघनपाल, एरण्डवाल, दाबपाल, छोटे परोदा कुल 8 ग्राम पंचायत के प्रतिभागी हिस्सा लिए। इस अवसर पर ग्राम गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप, जनपद सदस्य एवं पंच गण उपस्थित थे। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि छात्र-छात्राओं ने एकता दिवस की शपथ ली। सरपंच ने बताया कि कबड्डी, खो-खो,वॉलीबॉल,दौड़ में सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। पंचायत के प्रतिभावान प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। यहां से जीतने वाले ब्लॉक स्तर के प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेंगे। उसके बाद क्रमिक रूप से जीतने वाले प्रतिभावान बच्चे आगे खेल क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान जनपद सदस्य मालती बैज, बोंजा राम, डमरू कश्यप, मनन,चमन, दिनेश,लखमू कश्यप,दशमु कश्यप, पीलूराम, संतु कश्यप,कमलू, निरंजन,कोपा,लखन,ललित, गुंडरू, मानकु, हेमनाथ,पदमन, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

थाना बारसूर अंतर्गत प्राणघातक हमला करने के। मामले में आरोपी सीताराम चालकी 39 वर्ष निवासी मुस्तलनार थाना गीदम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

प्रार्थिया तिलोबाई नाग पति बनसराम नाग निवासी कोशलनार 1 थाना बारसूर ने 27 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज करायी कि 16 अक्टूबर के सुबह लगभग 8:30 बजे पड़ोस के सीताराम चालकी ने मेरे पति बनसराम नाग को तुम्हारे बकरी मेरे खेत के फसल को चरकर नुकसान किया है कहकर वाद-विवाद, लड़ाई-झगड़ा करने लगा। तब मेरे पति ने फसल नुकसान का भरपाई करना कहने पर वह शांत हो गया। कुछ समय बाद मेरे पति गांव के राजेश के घर मजदूरी करने जा रहा था लगभग 40 मीटर दूर अस्पताल जाने वाले रास्ते में पहुंचा था। सुबह लगभग 9:30 बजे पहले से घात लगाये सीताराम चालकी ने लोहे की छूरी से प्राणघातक हमला किया । गले के दाहिने तरफ एवं बांये हाथ की कलाई में चोट लगा है। खून निकल रहा था, मेरे पति को ईलाज के लिये कोशलनार अस्पताल ले गये। बेहत्तर ईलाज के लिए बारसूर अस्पताल लाकर भर्ती किये। बाद में जिला अस्पताल दन्तेवाड़ा ले जाकर भर्ती किये। 22 अक्टूबर तक उपचार करवाये। 23 अक्टूबर को डिमरापाल अस्पताल रिफर करने पर भर्ती किये है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबीर से सूचना पर सीताराम चालकी को गिरफ्तार कर हथियार जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, आर.के.बर्मन के मार्ग दर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बारसूर गोविन्द सिंह दीवान, जितेन्द्र कुम्भकर के पर्यवेक्षण में कार्यवाही की गई।



### इनकी रही मुख्य भूमिका

आरोपी के गिरफ्तारी में थाना बारसूर के निरीक्षक संजय उरसा, प्रआर यशवंत ध्रुव, सोमन मरकाम, आरक्षक शिवशंकर नाग, गौरीशंकर धैर्य, खेमलाल बघेल, एवं डीआरजी बल की मुख्य भूमिका रही।

# यूपी के तस्करों से 4.60 लाख का गांजा बरामद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ओडिशा बार्डर से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर ओडिशा से गांजा लेकर यूपी मेरठ जा रहे थे तभी जांच के दौरान दोनों को नगरनार पुलिस ने पकड़ा।

गांजा तस्करी की सूचना पर आरोपियों को गिरफ्तार करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के दिशा निर्देश, सीएसपी सुमीत कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 मेन रोड के पास पहुंच कर नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों को चेक किया जा रहा था। इसी दौरान ओडिशा की ओर से आ रही सेंट्रो कार क्रमांक यूके 08 टी 6189 को रोककर तलाशी ली गई। पूछताछ में कार सवार युवकों ने अपना नाम मोहम्मद शोएब पिता बदर अली 24 वर्ष निवासी ग्राम सहसपुर मोहल्ला हकीमपुरा तहसील बिजनौर थाना सिवारा जिला बीजनौर यूपी व मुर्शीद पिता सैययार 35 वर्ष निवासी ग्राम मदिना लिसाडी रोड मेरठ थाना लिसाडी रोड यूपी का रहने वाला बताया। कार से 46.375 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 4.60 लाख रूपए के अलावा हुंडई सेंट्रो कार कीमत 3 लाख रूपए, 2 एन्ड्राईड मोबाईल फोन कीमत 10 हजार रूपए तथा नकद 2100 रूपए समेत 7 लाख 72 हजार 1 सौ रूपए की संपति बरामद कर जब्त किया गया।

- ओडिशा बार्डर से दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ा गए जेल

आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 20 (ख) (ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई सतीश तिवारी, प्रधान आरक्षक पीलेश्वरी साहु, धरम कश्यप, कृष्णा भारती, आरक्षक डुमर बघेल, यशवंत ध्रुव ,डीएसएफ आरक्षक विरेन्द्र ठाकुर सैनिक जगन्नाथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुलिस को चकमा देने कार में कई गोपनीय चेम्बर

तस्करों द्वारा पुलिस को जांच के दौरान चकमा व तस्करी के लिए कार में कई गोपनीय चेंबर बनाया गया था बावजूद आरोपी पुलिस की नजर से नहीं बच सके। तलाशी लेने पर कार की पीछे सीट के नीचे, कार के निचले हिस्से में गोपनीय चेम्बर बनाया गया था। इसके अलावा बैक लाइट के अंदर भी गांजा से भरा छोटा छोटा पैकेट को छिपाकर रखा गया था। कार में छुपाए गए कुल 60 पैकेट बरामद किया गया जिसका वजन 46.375 किलो पाया गया।

## मृतका के भाई ने लगाया आरोप, आत्महत्या नहीं, हत्या है

# पुलिस दंपती के घर में आदिवासी बालिका की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

माता-पिता को बहला फुसला कर पढ़ाई लिखाई करवाने, भरण पोषण का खर्च देने का लालच देकर पुलिस दंपति नाबालिग को घर लेकर गए फिर बंधक बनाकर सारा काम करवाते रहे। जिनकी प्रताड़ना से तंग आकर नाबालिग ने सप्ताह भर पहले आत्महत्या कर ली।

- एसपी ने एसडीओपी को जांच करने का दिया आदेश

मृतक के माता-पिता ने पुलिस दंपती पर हत्या कर फंदे में लटकाने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार डारापारा में 13 दिन पहले डीआरजी में पदस्थ पुलिसकर्मी सुभाष तिर्की के घर में एक आदिवासी नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लेकिन इस घटना में मृतका के भाई अजय कुड़यिम ने बहन की हत्या करने का आरोप पुलिस दंपती पर लगाया है। उसने बताया कि बहन को भैरमगढ़ में पढ़ाना चाहता था। वह कक्षा 8वी की छात्रा थी। एक दिन सुभाष तिर्की और उसकी पत्नी नीरजा तिर्की हमारे घर आए और लड़की को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने, भरण पोषण का सारा खर्च देने का आश्वासन देकर अपनें साथ ले गये। कुछ दिनों तक तो सब ठीक था। एक दिन बहन ने रोते हुए फोन में बताया कि दम्पती बुरे इंसान हैं मेरे साथ दुर्व्यवहार करते हैं। घर के पीछे में गड्ढा खोदकर कुछ दफनाया गया है, घर आकर उनकी सब असलियत बताऊंगी। लेकिन दूसरे दिन चांदनी की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी हमें देर से दी गई। दोनों पति-पत्नी ने दुगोली घर आकर बताया कि चांदनी की मौत के बारे में किसी से कुछ नहीं बताना और पैसा का लालच दिया। अजय का कहना है मेरी बहन चांदनी पुलिस दम्पती का कुछ राज जान चुकी थी। उसे दबाने के लिए उसकी हत्या कर दी गई है। उसे आत्महत्या बताने फंदे पर लटका दिया गया ताकि किसी को यह ना लगे की उसकी हत्या हुई है।





### एसडीओपी करेंगे जांच

सात दिन पहले का मामला था पोस्टमार्टम उसी समय हो गया था। प्रामाफेसी रिपोर्ट में आत्महत्या का आया है, आज परिजनों द्वारा आरोप लगाये जाने के बाद एसडीओपी को जांच करने कहा गया, जो भी तथ्य मिलेगा कार्रवाई की जायेगी।

**डॉ.जितेंद्र यादव,** पुलिस अधीक्षक

## खबर संक्षेप

### बोरगांव में दो बाइक में भिड़त, तीन घायल



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 बोरगांव पुल के पास शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में ग्राम पंचायत झाटीबन के सचिव के साथ तीन लोग घायल हो गए । जानकारी के अनुसार ग्राम सिरपुर गुमड़ी निवासी 57 वर्षीय बीसरु राम मरकाम ग्राम झाटीबन पंचायत के सचिव है। शुक्रवार को शासकीय कार्य से फरसगांव जनपद पंचायत कार्यालय आए हुए थे । शाम को बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। तभी बोरगांव पुल के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ग्राम कलगांव विश्रामपुरी निवासी जगत नेताम के साथ आमने-सामने टक्कर हो गई । सभी घायलों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया । हादसे में पंचायत सचिव बिसरु राम मरकाम के चेहरे , सर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई है। वही जगत नेताम और उसकी पत्नी गीता नेताम को मामूली चोट है। जगत नेताम ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ कोंडागांव अस्पताल गया हुआ था। कोंडागांव से बाइक में सवार होकर वापस अपने घर जा रहा था। तभी हादसा हो गया । सभी का उपचार फरसगांव अस्पताल में चल रहा है।

### मामा ने नाबालिग भांजी से किया अनाचार, गिरफ्तार



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मानवता को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। रिश्ते में दूर के मामा ने अपनी नाबालिग भांजी के साथ अनाचार किया। उसे डरा धमका कर लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थिया पीड़िता ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि सूर्यकांत नेताम पिता मोतीराम नेताम उम्र 30 वर्ष निवासी सोनाबेड़ा गुडरीपारा उसके मोबाइल नंबर से बातचीत करता था। शादी करूंगा कहकर एक वर्ष पूर्व 06.11.2024 को दोपहर 2 बजे पीड़िता के दूर का मामा सूर्यकांत नेताम घर आया। पीड़िता को नाचा देखने माझीआठगांव बाइक में जबरन बैठाकर कर ले गया। प्रोग्राम देखने के बाद पुनः वापस पीड़िता के घर जाते समय रास्ते में अमोड़ा पुल के नीचे ले जाकर अनाचार किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। डर के कारण घटना की बात किसी को नहीं बतायी। उसके बाद जब भी समय मिलता था पीड़िता के साथ कई बार के मर्जी के खिलाफ अनाचार किया। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी विकास राय के नेतृत्व में विवेचना के दौरान आरोपी सुर्यकांत नेताम पिता मोतीराम नेताम उम्र 30 वर्ष निवासी सोनाबेड़ा गुडरीपारा को पता तलाश बाद थाना लाकर पूछताछ करने पर दिनांक घटना समय को पीड़िता के साथ जुर्म कारित करना स्वीकार किया। अन्य साक्ष्य सबूत के आधार पर गुरुवार को विधिवत गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया।

**पेज 11 के शेष**

### चर्च पर प्रशासन ...

जगदलपुर को सौंप दिया। जांच में यह साफ हुआ कि जहां चर्च निर्माण किया गया है, वह भूमि शासकीय है और निर्माण पूरी तरह अवैध है। तहसीलदार राहुल गुप्ता ने बताया कि प्रशासन ने संबंधित व्यक्तियों से स्पष्टीकरण मांगा है। यदि निर्धारित समय में जवाब नहीं दिया गया, तो अतिक्रमण दस्ते द्वारा निर्माण हटाया जाएगा साथ ही वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

दिवस : नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारियों ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

# रन फार यूनिटी में युवा, अधिकारी व जनप्रतिनिधियों नागरिक ने दौड़कर दिया एकता में शक्ति का संदेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत शुक्रवार को कोण्डागांव जिला मुख्यालय में भव्य रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। विकास नगर स्टेडियम से शुरू हुई यह दौड़ जिला कोर्ट परिसर, नेशनल हाइवे, जयस्तंभ चौक और बाजारपारा से होती हुई पुनः स्टेडियम में समाप्त हुई। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के युवाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। विविधता में एकता का संदेश देते हुए प्रतिभागियों ने देश की अखंडता और समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया

### कलेक्टर और एसपी ने दिखाई हरी झंडी, ली एकता की शपथ –

- पटेल के आदर्शों पर चलकर सुरक्षा की भावना करें मजबूत

दौड़ की शुरुआत कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेष कुमार दांडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने उपस्थित जनों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रेरणा से हमें देश की एकता, अखंडता और विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रीय एकता दिवस" केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारत के एकजुटता के संकल्प का प्रतीक है। पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने जिस दूरदर्शिता से देश की रियासतों को जोड़ा, वही आज भारत की अखंडता की नींव है। हमें उनके आदर्शोंर् पर चलकर समाज में एकता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि सरदार पटेल के योगदान ने भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। हमें इस भावना को सदैव जीवित रखना है। कार्यक्रम में तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, मनोज जैन, हर्ष ढिल्लन, सोनमणि, सुमन शुक्ला, लक्ष्मी ध्रुव, कुलवंत चहल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, अधिकारी–कर्मचारी, छात्र–छात्रएँ और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पुलिस ने आयोजित की एकता दौड़ अखंडता व भाईचारे का दिया संदेश



**फरसगांव/केशकाल।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पूरे देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसी अवसर पर फरसगांव , केशकाल और विश्रामपुरी थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार की सुबह एक भव्य एकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

यह कार्यक्रम फरसगांव में थाना विकास चंद राय, केशकाल में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान और विश्रामपुरी में थाना प्रभारी विनोद नेताम के नेतृत्व में किया गया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, पुलिस जवान, सामाजिक संगठन के सदस्य, युवाजन और ग्रामवासी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने एकजुट होकर दौड़ लगाई और "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारों से क्षेत्र का माहौल देशभक्ति से भर दिया। दौड़ के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से साम्प्रदायिक सौहार्द, आपसी प्रेम और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, नगर पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, समाजसेवी और आम नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई और भारत की अखंडता की रक्षा के संकल्प के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और विविधता में निहित समरसता को जनमानस तक पहुँचाना तथा युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त बनाना रहा।

### 188 बटालियन सीआरपीएफ ने कराई यूनिटी दौड़ व एकता की ली शपथ



**कोण्डागांव।** देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 188 बटालियन सीआरपीएफ, कोण्डागांव द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बंधा तालाब स्थित नगरपालिका पार्क परिसर में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट भवेश चौधरी ने किया, जिन्होंने उपस्थित अधिकारियों, जवानों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल के योगदान का स्मरण कर कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही अखंड भारत का निर्माण संभव हो सका। रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ बंधा तालाब से हुआ, जो राष्ट्रीय राजमार्ग–30 से होते हुए कोण्डागांव बाजार तक निकाली गई। इस दौरान देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा वातावरण देशप्रेम की भावना से ओत–प्रोत हो उठा। इस आयोजन में सीआरपीएफ जवानों के साथ–साथ आम नागरिकों और स्कूली बच्चों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। केंद्रीय विद्यालय, चावड़ा स्कूल, शासकीय उच्च माध्यमिक सरस्वती शिशु मंदिर और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राएं तथा शिक्षकगण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी नीतीन्द्रनाथ, उप कमांडेंट कमल सिंह मीना, सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश बिश्नोई, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आर.पी. सहित कई अधिकारी, प्राचार्यगण और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### एका मरम शौर्य की मिट्टी में रोपा गया एकता का वृक्ष

**कोण्डागांव।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कोण्डागांव पुलिस द्वारा आज एक अनूठा और प्रेरणादायक कार्यक्रम एका मरम शौर्य की मिट्टी में रोपें एकता का वृक्ष आयोजित किया गया। शहीदों के त्याग को नमन करते हुए समाज में एकता, पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाना। कार्यक्रम के दौरान रक्षित केन्द्र कोण्डागांव परिसर में पुलिस अधिकारियों, जवानों और नागरिकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। हर पौधे को शहीदों के नाम पर समर्पित किया गया। जिससे यह वृक्ष केवल हरियाली का नहीं बल्कि शौर्य और एकता का जीवंत प्रतीक बन सके। यह आयोजन पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा भा.पु.से. के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेष कुमार डाण्डे ऑप्स और एसडीएम अजय कुमार उरांव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि शौर्य भूमि में एकता और हरियाली का वृक्ष लगाना, शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। यह वृक्ष देश की एकता और पर्यावरण संरक्षण दोनों का प्रतीक है। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने एकता और पर्यावरण के बीच के गहरे संबंध को रेखांकित किया। अधिकारियों ने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह एकता के साथ हरियाली की रक्षा करें,यही सच्ची देशभक्ति है। इस अवसर पर शहीद परिवारों के सदस्य, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेष कुमार, उप पुलिस अधीक्षक सतीष कुमार भार्गव ऑप्स, तहसीलदार मनोज कुमार रावटे, रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत, यातायात प्रभारी निरीक्षक मुकेश जोशी, थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान, निरीक्षक सौरभ उपाध्याय सायबर सेल सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे।




## छठ पर्व पर विधायक लता ने जल में उतरकर की सूर्य आराधना



- भोजपुरी समाज द्वारा पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया छठ पर्व

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में भोजपुरी समाज द्वारा आस्था और श्रद्धा के पर्व छठ पूजा का आयोजन बंधा तालाब में भव्य और पारंपरिक रूप से किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने विशेष रूप से पहुंचकर सूर्य देवता की पूजा–अर्चना की और क्षेत्र की जनता की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

सुबह के समय तालाब परिसर में सैकड़ों व्रतधारिणियाँ और श्रद्धालु



उपस्थित रहे जिन्होंने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। विधायक लता उसेंडी स्वयं भी तालाब में उतरकर व्रतधारियों के साथ सूर्य देवता की आराधना में सहभागी बनीं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व सूर्य उपासना के माध्यम से प्रकृति, जल और जीवन के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व समाज में अनुशासन, आस्था और एकता का संदेश देता है।

### धनोरा में बस्तर ओलंपिक का आयोजन पारंपरिक खेलों को मिला बढ़ावा

**धनोरा।** ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनोरा के हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग के मुख्य आतिथ्य एवं गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत केशकाल की अध्यक्ष नंदिनी पोटाई ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य नमिता जैन, सरपंच धनोरा नोहरू राम मंडावी, प्राचार्य के.आर. प्रधान, सरपंच सवाला विनेश मंडावी, प्रवीण अग्निहोत्री, सहित क्षेत्र के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कपिलकांत नाग ने कहा कि बस्तर ओलंपिक का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और पारंपरिक खेलों की संस्कृति को जीवंत बनाए रखना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों के माध्यम से अनुशासन, एकता और स्वास्थ्य को अपनाएं। इस दौरान कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, गिल्ली-डंडा, फुगड़ी जैसे पारंपरिक खेलों का रोमांचक प्रदर्शन हुआ। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु अतिथियों ने विजेताओं को प्रोत्साहित किया और खेल भावना से खेलने का संदेश दिया।



## राजनैतिक दलों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की दी गई जानकारी



- 7 फरवरी 2026 को होगा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 28 अक्टूबर 2025 से लेकर 7 फरवरी 2026 तक पुनरीक्षण की समस्त प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मीडिया कर्मियों को इस पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया मतदाता सूची की शुद्धता और अद्यतनता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने और उनके द्वारा नियुक्त बीएलए से इस कार्य में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि पुनरीक्षण अवधि में मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में एक वालेंटियर की नियुक्ति की गई है। यह वालेंटियर मतदाताओं को आवेदन भरने, नाम जोड़ने या सुधार कराने में मदद करेंगे। बैठक में बताया गया कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बूथ लेवल अधिकारी घर–घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक प्रदान करेंगे, उन्हें भरवाकर वापस प्राप्त करेंगे और आवश्यक संशोधन या अद्यतन की कार्रवाई करेंगे। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटे नहीं और कोई अपात्र नाम शामिल न रहे।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ तय :** एसडीएम अजय उरांव ने कार्यक्रम की तिथियों की जानकारी देते हुए बताया मुद्रण एवं प्रशिक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक घर–घर सत्यापन चरण 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को दावे एवं आपत्तियाँ स्वीकारने की अवधि 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक सुनवाई एवं सत्यापन नोटिस चरण 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को।

5556 हितग्राही करेंगे गृह प्रवेश, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे वर्चुअल शुभारंभ

# रजत जयंती महोत्सव पर नये घरों की खुशियां मनेंगी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 1 नवंबर को पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह अटल नगर, नवा रायपुर में आयोजित होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से 3.51 लाख हितग्राहियों का सांकेतिक गृह प्रवेश कराएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल रहेंगे। इसी कड़ी में कोण्डागांव जिला भी इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनेगा। जिले में वित्तीय वर्ष 2024–26 के दौरान कुल 26,706 आवास स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 5,556 हितग्राही अपने सपनों के नए घरों में गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले में अब तक उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

**दीपोत्सव की तरह मनाया जाएगा 'गृह प्रवेश' कार्यक्रम** – राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 'गृह प्रवेश कार्यक्रम दीपोत्सव की तरह' मनाया जाएगा। हर नवनिर्मित घर को दीपों, रंगोली, पुष्पमालाओं और पारंपरिक सजावट से सजाया जाएगा। लाभार्थियों को 'खुशियों की चाबी', आभार पत्र और स्मृति चिन्ह भी प्रदान



किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि रजत जयंती महोत्सव के इस विशेष अवसर पर 5,556 परिवारों के जीवन में नई शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से न केवल पक्के घर मिल रहे हैं, बल्कि ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने बताया कि कार्यक्रम को हर्षोल्लास और पारंपरिक अंदाज में मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक, आवास मित्र और महिला स्व–सहायता समूहों की दीदियों को जिम्मेदारी दी गई है ताकि हर हितग्राही तक खुशियों का संदेश पहुंचे।

### केशकाल में एक हजार से अधिक हितग्राहियों को सौंपी जाएगी 'खुशियों की चाबी'

**कोण्डागांव।** तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह नवा रायपुर के अटल नगर में आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से 3.51 लाख से



अधिक हितग्राहियों को उनके नए घर की खुशियों की चाबी सौंपेंगे। जिले के केशकाल विकासखण्ड में भी योजनांतर्गत निर्मित 1000 से अधिक आवासों में सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाएगा। इनमें से विशेष परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनोरा की हितग्राही श्रीमती रत्तो बाई के नवनिर्मित आवास में भी गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न होगा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि प्रन्ना और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ सामूहिक गृह प्रवेश होगा, जहां नए घरों को दीयों, रंगोली और पारंपरिक सजावट से सजाया जाएगा।

## जिला प्रशासन ने की हेलमेट बैंक की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।



बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के साझा प्रयासों से कोंडागांव जिले में जिंदगी का सफर सुरक्षित रखें, हेलमेट जरूर पहनें थीम पर 'हेलमेट बैंक' पहल की शुरुआत की गई है। इस अभिनव पहल के तहत ग्राम पंचायत मसौरा में आज कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा हेलमेट बैंक का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर पन्ना ने शुभारंभ कार्यक्रम में नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हेलमेट पहनना अपनी दिनचर्या की आदतों में शामिल करें। उन्होंने कहा कि परिवार का कोई भी सदस्य जब दोपहिया वाहन से निकले तो परिजन उसे हेलमेट अवश्य पहनने की सलाह दें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के प्रति छोटी सी सतर्कता बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती है इसलिए हर नागरिक को यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।

### पहले चरण में पांच ग्राम पंचायतों में होगी शुरुआत

इस पहल के पहले चरण में नेशनल हाईवे 30 पर स्थित पांच ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है जहाँ पिछले वर्षों में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएँ हुई हैं। इन ग्राम पंचायतों में हेलमेट बैंक की स्थापना कर यात्रियों को जरूरत पड़ने पर हेलमेट उधार लेने की सुविधा दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### काव्या ने जीता सौम्या फैशन शो का प्रथम पुरस्कार



**गीदम।** बचेली में आयोजित सौम्या फैशन शो में काव्या सोनी ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और स्टाइल से सबका दिल जीतकर प्रथम पुरस्कार हासिल किया। काव्या जगदलपुर निवासी मनोज सोनी और हेमा सोनी की सुपुत्री हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा फेम कलाकार रहीं। उनकी उपस्थिति ने शो को और भी आकर्षक बना दिया। उनके प्रदर्शन ने सभी दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया, जिससे उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उनको प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उन्हें ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### साइबर अपराध से बचने किया जागरूक



**दरभा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री के निर्देश पर बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी लक्ष्मण सिंह पोटाई, थाना दरभा स्टाफ की उपस्थिति में ग्राम कोलेंग में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी गई व समस्या का तुरंत निराकरण किया गया। ग्रामीणों को सायबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरुक किया गया। चलित थाना में उपस्थित ग्रामीणों को साइबर अपराध, आनलाइन ठगी से बचाव, महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित अपराध, बाल विवाह की रोकथाम, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

# राष्ट्रीय एकता दिवस को 219वीं बटालियन ने हर्षोल्लास के साथ मनाया और लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

■ सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती पर दिया एकता और देशभक्ति का संदेश






राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बसे इंजराम ग्राम पंचायत में सेवा दे रही सीआरपीएफ 219वीं बटालियन ने आज राष्ट्रीय एकता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया । इस अवसर पर बटालियन के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सदभावना दौड़ लगाते हुए एकता का संदेश दिया। ज्ञात हो कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती अवसर पर बटालियन ने आज यहां राजेश पाण्डे पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज कोटा के मार्गदर्शन एवं पार्थ सारथी घोष कमाण्डेंट 219वीं बटालियन केरिपु.बल के निर्देशन एवं कर्मवीर सिंह यादव द्वितीय कमान अधिकारी काना राम चौधरी सहा. कमाण्डेन्ट डॉ. मोहम्मद इब्राहिम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी तथा बटालियन के अन्य कार्मिकों की उपस्थिति में मुख्यालय इंजराम में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पार्थ सारथी घोष कमाण्डेंट द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद कमाण्डेंट द्वारा सभी कार्मिको को स्वतंत्र भारत के महान दूरदर्शी राजनेता-प्रशासक सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रसिद्ध नारा एक भारत, श्रेष्ठ भारत से अपने संबोधन कि शुरुआत करते हुये राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई तथा इस दिवस की गौरवशाली इतिहास से अवगत कराते हुए । बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का सम्मान करने के लिए भारत सरकार द्वारा सर्वप्रथम आधिकारिक तौर पर वर्ष 2014 से राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआत की जाने की बात कही। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में लोगों के बीच एकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत कि आजादी के समय जब भारतवर्ष रियासतों में खंडित था, उस समय सरदार पटेल ने रियासतों में खंडित भारत को एकजुट करने का संकल्प लिया एवं एकजुट भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। राष्ट्रीय एकता दिवस देश को एकजुट करने के लिये सरदार वल्लभभाई पटेल और अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये संघर्षों और बलिदानों की याद दिलाता है। एकजुटता की पुष्टि करता है, विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देता है और राष्ट्रीय अखंडता बनाये रखने के महत्व पर जोर देता है। पटेल एकजुट और मजबुत भारत के कट्टर समर्थक थे और उनके जीवन के कार्यों में यह समर्पण झलकता है। वह न्याय, समानता और एकता के लिये हमेशा खड़े रहते थे कहते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया।

### कबड्डी, खो-खो, गिल्ली-डंडा, रस्साकशी, लंबी दौड़ प्रतियोगिताएं हो रहे

# उत्साह और उमंग के साथ बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ खेल मैदानों में खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखने योग्य रहा





खेल भावना, ऊर्जा और उल्लास से परिपूर्ण वातावरण में जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक का भव्य शुभारंभ बीजापुर के मिनी स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसडीएम जागेश्वर कौशल ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद बीजापुर के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने मशाल जलाकर खेल प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बस्तर ओलंपिक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के युवाओं में छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का अवसर प्रदान करना है।

अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में खेलों के प्रति रुचि, अनुशासन, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं। बीजापुर के अलावा जोन स्तरीय आयोजन तोयनार, इलमिडी और कुटरू में भी संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के हजारों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल मैदानों में खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखने योग्य रहा। प्रतियोगिताओं के आरंभ से पूर्व पारंपरिक स्वागत गीतों एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

बस्तर ओलंपिक 2025 के अंतर्गत इस वर्ष भी पारंपरिक खेल जैसे कबड्डी, खो-खो, गिल्ली-डंडा, रस्साकशी, लंबी दौड़, लंबी कूद, के साथ-साथ पारंपरिक नृत्य एवं लोकगीत प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। इन खेलों के माध्यम से बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारीगण, शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सभी ने इस आयोजन को खेल और संस्कृति के संगम के रूप में सराहा। खिलाड़ियों ने भी कहा कि ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि गांव-गांव में खेलों की नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

बस्तर ओलंपिक का यह जोन स्तरीय आयोजन खेल भावना, परंपरा और सांस्कृतिक एकता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत कर रहा है। मैदानों पर उमड़ती भीड़, बच्चों का उत्साह और खिलाड़ियों का संघर्ष इस आयोजन को एक लोक उत्सव का रूप दे रहा है।

### उपाध्यक्ष ने किया आंबा केंद्र व शाला का निरीक्षण



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बड़े पनेड़ा में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति सभापति दिनेश कुमार कौशल ने आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जनपद सदस्य मद्दाराम और ग्राम पंचायत के सरपंच भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जनपद उपाध्यक्ष ने केंद्र में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं और भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों से बातचीत की और उनके शैक्षिक स्तर की जानकारी ली। इसके बाद जनपद उपाध्यक्ष ने प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों की पढ़ाई का अवलोकन किया और शिक्षकों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने स्कूल में उपलब्ध संसाधनों की भी जानकारी ली। शिक्षा सभापति दिनेश कुमार कौशल ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है।

# दंतेवाड़ा की बेटियों ने महिला स्पर्धा में परचम लहराया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा की महिला वॉलीबॉल टीम ने 29 से 30 नवंबर को शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा में आयोजित सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के पहले दौर में टीम को बाय मिला। दूसरे सेमीफाइनल राउंड में मुकाबला बस्तर विश्वविद्यालय की यूटीडी से हुआ, जिसमें टीम ने 25-20, 25 - 18 से शानदार जीत दर्ज की।

फाइनल मुकाबले में टीम ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीजापुर को 25-19, 25-16 के स्कोर से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा दीक्षा पुजारी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा सत्यभामा को बेस्ट स्मैश का पुरस्कार मिला।

इस शानदार सफलता पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. के एन प्रसाद, संगठन सचिव क्रीड़ा अधिकारी डॉ. भारती रजक, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. शिखा सरकार, डॉ. रत्नाबाला मोहंती, डॉ. अंजलि कश्यप, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री धारणा ठाकुर, डॉ. दिनेश कुमार लहरी, दुष्यंत तारम, सिद्धार्थ देवांगन, बंशीधर चौहान, सरला पैकरा सुश्री अंजलि मिंज दल प्रशिक्षक नवलीन वाडा एवं सहित समस्त अतिथी व्याख्याता एवं कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# शराब खरीदने पहुंचा नाबालिग का पता नहीं

**आबकारी विभाग सीसीटीवी फुटेज देने में कर रहा आनाकानी, बाल संरक्षण आयोग नाबालिग को खोज रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर


नाबालिग को शराब बेचने वाले रक्षक कंपनी के कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

शासकीय मदिरा दुकान में नाबालिग को शराब बेचने के मामले में आबकारी विभाग का कहना है आबकारी एक्ट की कार्रवाई के दायरे में नहीं आता है। अब बाल संरक्षण आयोग मदिरा दुकान के ठेकेदार और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने नाबालिग की खोज में जुटा है।

बीजापुर में संचालित शासकीय मदिरा दुकान का संचालन दिल्ली की रक्षक कंपनी कर रही है। इसलिए रक्षक कंपनी के मैनेजर और मदिरा दुकान के काउंटर में बैठें कर्मचारी शराब की बोतल नाबालिग को देने में गुरेज नहीं कर रहे है। ज्ञात हो की नाबालिग को शराब बेचने की खबर हरिभूमि नें 23 अक्टूबर को प्रकाशित किया था। जिसपर बीजापुर बाल संरक्षण आयोग नें संज्ञान में लेते हुए आबकारी विभाग को पत्र लिखा है। जिला आबकारी अधिकारी नें उक्त शराब दुकान में मौजूद कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने से इंकार कर दिया है। जिनका कहना है काउंटर से कोई युवक शराब की बोतल ले रहा था जबकि स्पष्ट है नाबालिग शराब दुकान के कैम्पस के अंदर दिखाई दे रहा था। वहीं बाल संरक्षण आयोग ने दुकान में लगे सीसी टीवी फुटेज की मांग की किंतु अधिकारी ने आबकारी आयुक्त के आदेश पर ही सीसीटीवी फुटेज देने की बात कहते पल्ला झाड़ लिया। अब जिला बाल संरक्षण आयोग के नोडल अधिकारी नाबालिग को अलादीन का चिराग लेकर ढूंढ़ने में लगे है। सरकारी शराब दुकान चारों ओर से अंधेरे से घिरा हुआ है रात के अंधेरे में ही कोचिया यहां आकर गोलमाल करते देखे जाते है।

**फुटेज मिलने से सही तथ्य सामने आएगा**

शराब खरीदने वाले नाबालिग की तलाश की जा रही है। आबकारी विभाग से सीसी टीवी फुटेज की मांग की गई है। अधिकारी नें आबकारी आयुक्त के आदेश पर ही फुटेज देने की बात कही है जिसके लिए पत्र लिखा जाएगा। अब कलेक्टर से मिलकर अपील की जायेगी। यह तो तय है जैसे ही नाबालिग मिलेगा शराब दुकान के कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

**-नवीन मिश्रा,**
**नोडल अधिकारी, बाल संरक्षण आयोग**

# हवन पूजन के साथ पत्रकार भवन का शुभारंभ



**जगदलपुर।** बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन का गुरूवार को हवन पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। काफी दिनों से भवन को सुसज्जित करने अध्यक्ष मनीष गुप्ता के साथ सभी पदाधिकारी जुटे हुए थे। प्रेसवार्ता हॉल को पूरी तरह वातानुकूलित कर नए कुर्सी टेबल के साथ रंगरोगन किया गया है। जिससे हॉल का स्वरूप आर्कषक बन गया है। सुबह पंडित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां दंतेश्वरी, भगवान गणेश, महालक्ष्मी और देवी सरस्वती की पूजा की गई। हवन में अध्यक्ष मनीष गुप्ता, सचिव धर्मेंद्र महापात्र, कोषाध्यक्ष सुब्बाराव, उपाध्यक्ष शिवप्रकाश सीजी, निरंजन दास, सहसचिव प्रदीप गुहा और बादशाह खान के अलावा बड़ी संख्या में संघ के सदस्य शामिल हुए। उसके बाद फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया गया।

## नाम परिवर्तन

**समक्षः- न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी दंतेवाड़ा, जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

**//शपथपत्र//**

मैं मैनो शोरी पति अशोक शोरी उम्र 43 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 10 दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करती हूं कि :-

**01.** यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 2032 9043 6859 में जिसमें मेरा नाम मिनो शोरी पति अशोक शोरी MINO SHORI W/O ASHOK SHORI अंकित है, जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है।

**02.** यह कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम मैनो शोरी पति अशोक शोरी MAINO SHORI W/O ASHOK SHORI है, जो मेरी मेरे नाम से जारी वोटर आई.डी. क्रमांक CNZ5505003 पर अंकित एवं प्रमाणित है ।

**03.** यह कि उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम मिनो शोरी पति अशोक शोरी MINO SHORI W/O ASHOK SHORI के स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम मैनो शोरी पति अशोक शोरी MAINO SHORI W/O ASHOK SHORI सुधार कर अंकित किया जावें ।


**04.** यह कि उक्त शपथ पत्र आधार कार्ड में नाम सुधार करवाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रही हूँ ।

**शपथकर्ता**
**मैनो शोरी**

**// सत्यापन //**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक में उल्लेखित समस्त विवरण मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य एवं सही है। यह सत्यापन मैंने आज दिनांक 30.10.2025 को स्थान दंतेवाड़ा में सत्यापित कर हस्ताक्षरित किया ।

**सत्यापनकर्ता**
**मैनो शोरी**








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आयोग अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों से की मुलाकात



**जगदलपुर।** जनजाति आयोग के नव-नियुक्त अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने रायपुर में मुख्यमंत्री, मंत्रियों तथा विधायक से भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल एवं बसना विधायक संपत अग्रवाल उपस्थित रहे। मंडावी ने कहा कि आदिवासी समुदाय के उत्थान, शिक्षा, स्वावलंबन एवं परंपरागत संस्कृति के संरक्षण के लिए पहल करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार की आदिवासी कल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि आयोग के माध्यम से अनुसूचित जनजाति समुदाय के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रुपसिंह मंडावी को नए दायित्व के लिए बधाई देते कहा कि उनकी नियुक्ति से आदिवासी बंधुओं के सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी। उन्होंने राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इस भेंट के दौरान खाद्य मंत्री एवं विधायक ने कार्यक्षेत्र में सहयोग का आश्वासन दिया।

### स्वास्थ्य कार्यक्रम की हुई समीक्षा



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर के बैठक कक्ष में गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक की अध्यक्षता में ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक ली गई। बैठक में प्रत्येक आम वार स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण नाग द्वारा सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की उपलब्धि और कमी के बारे में जानकारी देते हुए आपसी समन्वय से अगले माह की 15 तारीख को होने वाली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अपनी सभी कार्यक्रमों की पूर्ति और ऑनलाइन एंट्री की समीक्षा करते हुए पूर्ण करने की सलाह दी गई की गई। बैठक में आयुष्मान कार्ड के जिला नोडल अधिकारी पृथ्वी साहू द्वारा राशन कार्ड में जोड़े गए नए सदस्यों के और अपने घर परिवार के सभी बुजुर्गों 70 वर्ष से अधिक जिनकी आयु हो चुकी है उनके वय वंदन कार्ड बनाए जाने के बारे में जानकारी दी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री द्वारा शिशुओं को जन्म उपरांत लगने वाले सभी जीवन रक्षक टीकों के बारे में बताते हुए लेफ्ट आउट और ड्राफ्ट आउट बच्चों को सभी टीकों से लाभान्वित करने के बारे में जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

# रन फॉर यूनिटी में दौड़े अफसर और युवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं महानिदेशालय केरिपुबल नई दिल्ली के निदेर्शानुसार आज रेंज जगदलपुर एवं ई 4 सिग्नल वाहिनी केरिपुबल, ने राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यकम के अन्तर्गत शहर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। इस अवसर पर केरिपुबल के अधिकारियों, जवानों एवं समाज के हर वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का मुख्य उददेश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।रन फॉर यूनिटी का आयोजन दिनेश कुमार सिंह, द्वि कमान अधिकारी के नेतृत्व में किया गया। इसमें अमरजीत कुमार गुप्ता उप कमाण्डेन्ट, एन्टोनी एन. सहायक कमाण्डेन्ट, विनय कुमार सहायक कमाण्डेन्ट जवानों एवं युवा धावक सहित लगभग 150 लोगो ने आयोजन में भाग लिया। रन फॉर यूनिटी की दौड़ रेन्ज कार्यालय से स्टेट बैंक चौक होते हुए दलपत सागर, दंतेश्वरी मन्दिर और गोल बाजार होकर वापस केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल रेन्ज तक हुआ।

## 80 बटालियन के अधिकारी और जवानों ने लगाई दौड़



**जगदलपुर।** कमांडेंट 80 बटालियन जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजपत्रित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी, जवानों एंव लालबाग फिटनेश एकेडमी के युवक-युवतियों के साथ आमजनो ने रन फॉर यूनिटी दौड प्रतियोगिता में भाग लिया। कमाडेंट जितेन्द्र कुमार ने भारत की एकता एवं अखंडता के बारें में बृहद् जानकारी साझा कर जागरुक किया। सरदार वल्लभभाई पटेल को हम लौह पुरुष के नाम से जानते है, जिन्होंने विलय भारत को एकीकरण करने में जो योगदान दिये,वह हमारे लिये अद्वितीय और प्रेरणादायक है। राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यकम पर वाहिनी के अधिकारी सुबीर राय, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ उत्पल गागोई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वेंकट विकास, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी,अधिनस्थ अधिकारी व जवानों के साथ लालबाग फिटनेश एकेडमी के युवक-युवतियों एवं आमजनो ने भाग लिया।

## मसगांव में अधूरा शौचालय और जंग लगा हैंडपंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

- 5 साल से अधूरा पड़ा सार्वजनिक शौचालय, राशि खर्च के बावजूद निर्माण पूरा नहीं

विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मसगांव में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी सामने आई है। ग्रामवासियों के अनुसार गांव में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण लगभग पांच वर्ष पूर्व शुरू हुआ था लेकिन आज तक शौचालय पूर्ण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वीकृत राशि खर्च दिखा दी गई है बावजूद भवन अधूरा पड़ा है।

वहीं आंगनवाड़ी भवन के सामने लगा हैंडपंप कई महीनों से जंग लगकर अनुपयोगी पड़ा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि बच्चों को पानी पिलाने और भोजन बनाने के लिए करीब एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। जिससे कार्य में परेशानी होती है।

स्थानीय लोगों ने जनपद पंचायत और जिला प्रशासन से शौचालय निर्माण शीघ्र पूरा कराने, हैंडपंप की मरम्मत कराने और आंगनवाड़ी में सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे इस विषय को उच्च अधिकारियों तक ले जाएंगे।

### फोन नहीं उठाते सीईओ

जनपद पंचायत बकावंड के सीईओ से जानकारी लेने उनके मोबाईल पर कॉल किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जिसके चलते निमार्ण संबंधित कार्य और राशि की जानकारी नहीं मिल सकी।

## अटल जी के छत्तीसगढ़ में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा विकास : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- राज्योत्सव पर विधायक ने जनमानस के प्रगति और समृद्धि की कामना की

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जारी बयान में राज्य के रजत जयंती वर्ष और राज्य उत्सव पर प्रदेश की जनता की सुख, शांति, समृद्धि और निरंतर विकास की कामना की है। उन्होंने अपने संदेश में छत्तीसगढ़ राज्य के निमार्ता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को नमन करते हुए छत्तीसगढ़ से अटल के आत्मीय लगाव को अनमोल धरोहर बताया।

देव ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ 25 वर्ष का हो गया है और अब वह विकास के मार्ग पर तेज गति के साथ अग्रसर होने के लिए तत्पर है। अटल जी ने जिन आकांक्षाओं को संजोकर छत्तीसगढ़ का गठन किया उन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। ताकि अंतिम पंक्ति पर खड़ा व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से जुड़ाव अनुभव करे। राज्योत्सव के रजत जयंती वर्ष की मंगल बेला हमें अपनी प्रतिबद्धता की याद दिलाता है कि हमने बनाया है हम ही सवारेंगे। अटल नगर (नवा रायपुर) में नए विधानसभा भवन की लोकार्पण के साथ छत्तीसगढ़ के लिए यह दिन ऐतिहासिक होगा और यह विधानसभा भवन छत्तीसगढ़ वासियों को अपने प्रदेश की सांस्कृतिक परंपरा, लोकतांत्रिक मूल्यों और महापुरुषों के आदर्शों का जीवंत प्रतीक सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराकर प्रदेश में विकास और जनकल्याण की योजनाओं को धरातल पर साकार कर रही है। आज प्रदेश के गांव विकास की रोशनी में नहा रहे हैं युवाओं के सपनों को पंख लगे हैं। हम सभी के प्रयासों से छत्तीसगढ़ विकास के नित-नए प्रतिमान गढ़े और 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ धरातल पर नजर आए इसके लिए संकल्पित होने की यह बेला है।

## तिरपाल से बिना ढके कर रहे परिवहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रेत, गिट्टी के उड़ते कंकड़ से राहगीर परेशान
- ट्रकों पर कस रहा शिकंजा

बिना तिरपाल के ट्रकों से सड़कों पर रेत, मुरूम और गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है, जिससे रेत, मुरूम और गिट्टी के कण गिर रहे हैं, जो राहगीरों के आंखों पर रेत कंकड़ पड़ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं की संभावना रहती है। ट्रक की स्पीड बहुत ज्यादा होती होने के कारण रेत और बारिक गिट्टी उड़ कर आखों में आ जाती है, जिसके चलते दुपहिया वाहन स्लिप होकर गिर रहे हैं। इस पर परिवहन आयुक्त के निर्देश पर विभाग के धनपूंजी स्थित बेरियर के पूर्व परिवहन निरीक्षक की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए ऐसे 11 वाहनों की सघन जांच कर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की। उसके बाद भी ट्रक चालकों का ध्यान नहीं है।

साथ-साथ मोटरसाइकिल वाहन चालकों के आंखों में कंकड़ घुस रहे हैं। यही कारण है कि लोग परेशान हो रहे हैं। रेत ले जा रही गाड़ियों में तिरपाल नहीं ढंकने से

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि ऐसे वाहनों के विरूद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्ती कार्रवाई की जाएगी।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
(कार्डियोलॉजी/कार्डियक सर्जरी)
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
• बायपास सर्जरी
• वाल्व रिप्लेसमेंट
डे केयर एंजियोग्राफी डिस्चार्ज मात्र 4 घंटे में
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुंगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 11 मई, 14 मई, 18 मई, 21 मई, 25 मई, 28 मई, 01 जून, 04 जून, 15 जून 2026
राशि:- स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 30,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
Since-2007
संपर्क करें:-7354-411411

ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
स्वामी तीर्थ यात्रा
91111-11866

Navkar Hospital & Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
हड्डी रोग संबंधित समस्याएं
आर्थराईटिस ईत्यादि
मासपेशी में दर्द
घुटने व कुल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण
डिफिमिटी करेक्शन
गठियावात, कुल्हा, कोहनी
आदि अंगो पर दर्द लम्बे समय
से न जुड़ने वाली फेक्चर का ईलाज
डॉ. पवन शॉ
जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं आर्थोस्कोपिक सर्जन
9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375

HONDA
तुलसी विवाह एवं देवउठनी एकादशी की समस्त बस्तरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
खुशियों का त्यौहार होंडा के संग
त्यौहार की रौनक बढ़ायें, होंडा को घर लाये
उत्सव धमाका
स्क्रैच एंड विन ऑफर*
प्रथम पुरस्कार एक व्यक्ति के लिए थाईलैंड/वियतनाम टूर
द्वितीय पुरस्कार दो लोगों के लिए गोवा टूर
स्क्रैच एंड विन ऑफर का पुरस्कार वितरण 13 जनवरी को होगा
अन्य आकर्षक पुरस्कार
Activa 125 एक्स शोरूम कीमत ₹ 91,270
Shine 100 DX एक्स शोरूम कीमत ₹ 67,994
SPIN & WIN
कस्टमर को किसी भी एक योजना का लाभ लेने की सुविधा उपलब्ध है
INSTANT CASHBACK UP TO ₹5000/-
LOAN UP TO 100%
LOW ROI @6.99%
LOW EMI ₹49 PER DAY
*Terms&Conditions Apply
वाहेगुरु होंडा (होंडा एक्सक्लूसिव अधिकृत विक्रेता)
दलपत सागर रोड, मोतीतालाब पारा, जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.)
फ़ोन: 07782-224389, 223700,01,02 मोबाइल: 84350 90003, 8453090005
Email:wahegurusales1@gmail.com, Website:www.waheguruhonda.com